भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2236
सोमवार, 8 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942 (शक)

रोजगार मेला

2236. श्री आर.के. सिंह पटेलः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार ने संपूर्ण देश में जिला स्तरों पर रोजगार मेले आयोजित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय से कोई योजना बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में आयोजित किए गए रोजगार मेलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ख): सरकार रोजगार मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना आदि जैसी रोजगार संबंधी विविध सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। एनसीएस परियोजना के तहत रोजगार मेलों के आयोजन हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के सहयोग से एनसीएस के माध्यम से आयोजित किए गए रोजगार मेलों के ब्यौरे निम्नानुसार हैः-

क.सं.	वर्ष	रोजगार मेलों की संख्या	अंतिम रूप से नियोजन पत्र प्रदान किए गए अभ्यर्थियों की संख्या
1.	2017-18	161	17,716
2.	2018-19	761	1,09,910
3.	2019-20	385	40,808
	योग	1307	1,68,434

उपरोक्त के अलावा, राज्य सरकारें भी अपनी आवश्यकतानुसार अपने संसाधनों से रोजगार मेलों का आयोजन करती हैं।

*****